# विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा UP: दो दर्जन देशों ने किया 50 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश,GIS-3 में 10 लाख करोड़ का टारगेट

लखनऊ | 9 मिनट पहले



शेयर

यह तस्वीर साल 2018 में लखनऊ में हुए पहले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की है। इसमें पीएम मोदी भी शामिल हुए थे।

उत्तर प्रदेश विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना है। प्रदेश में दो दर्जन से ज्यादा देशों ने 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। इससे अगले साल जनवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट-23 से प्रदेश में FDI यानी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए सरकार की ओर से पूरी तैयारी की जा रही है। इससे प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य भी पूरा होगा।